Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **सिरोही में पिंड़वाड़ा, तहसीलदार एवं भू–अभिलेख निरीक्षक को 1 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार**
- **तहसीलदार, पिंड़वाड़ा ने अपने निवास पर करीब 15–20 लाख रुपये भारतीय मुद्रा को जलाकर खुर्द–बुर्द करने का प्रयास किया तथा आवास की तलाशी में 1 लाख 50 हजार रुपये बरामद भी किये गये**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *24 मार्च।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की पाली प्रथम इकाई द्वारा आज बुधवार को कार्यवाही करते हुये परबत सिंह राजस्व निरीक्षक, वृत–भांवरी, पिंड़वाड़ा को परिवादी से 1 लाख रूपये की रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी परबत सिंह द्वारा रिश्वत राशि तहसीलदार, पिंड़वाड़ा कल्पेश कुमार जैन हेतु लेने की बात स्वीकार करने पर तहसीलदार के निवास पर उसे गिरफ्तार करने पहुंची ए.सी.बी. टीम की भनक लगने पर तहसीलदार द्वारा अपने घर के दरवाजे बंद कर भीतर करीब 15–20 लाख रुपये की भारतीय मुद्रा को जलाकर खुर्द बुर्द करने का प्रयास किया। तहसीलदार कल्पेश कुमार जैन को भी ए.सी.बी. द्वारा मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. पाली द्वितीय इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि पिण्डवाड़ा में प्राकृतिक पैदाबार आंवल छाल का ठेका दिलवाने की एवज में तहसीलदार, पिण्डवाड़ा कल्पेश जैन द्वारा राजस्व निरीक्षक परबत सिंह के मार्फत 1 लाख रुपये की राशि रिश्वत के रूप में मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी की पाली प्रथम इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नरपत चंद** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री सीताराम एवं उनकी टीम** के द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये परबत सिंह पुत्र श्री खेतसिंह निवासी ग्राम झाडोली, पिण्डवाड़ा सिरोही हाल राजस्व निरीक्षक वृत–भांवरी, पिंड़वाड़ा को परिवादी से 1 लाख रूपये की रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया**।** प्रकरण में तहसीलदार कल्पेश कुमार जैन की संलिप्तता पाई जाने पर उसे गिरफ्तार पहुंची ए.सी.बी. टीम की भनक लगने पर तहसीलदार द्वारा अपने घर के दरवाजे बंद कर भीतर रखी करीब 15–20 लाख रुपये की भारतीय मुद्रा को गैस चूल्हे पर जलाने का प्रयास किया। जिसे काफी प्रयत्नों के बाद भीतर प्रवेश कर आग बुझाई गई तथा अधजली भारतीय मुद्रा को बरामद किया गया है। तहसीलदार के निवास पर तलाशी में 1 लाख 50 हजार रुपये भी बरामद किये गये हैं। तहसीलदार कल्पेश कुमार जैन पुत्र गणपत चंद निवासी प्रदीप गली जसोल, पुलिस थाना बालोतरा, जिला बाड़मेर हाल तहसीलदार पिण्डवाड़ा जिला सिरोही को भी ए.सी.बी. द्वारा उक्त मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।